देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 12.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा – प्रदेश में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए असम के अनुभवों और पद्धतियों का अध्ययन कर उन्हें लागू करने का प्रयास किया जाएगा।
- उत्तराखंड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने देहरादून में सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- ऊधमसिंह नगर जिला पंचायत की सामान्य बैठक में सदस्यों ने बिजली, शिक्षा, जलापूर्ति और सिंचाई सहित विभिन्न समस्याओं से सदन को अवगत कराया।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। यात्रा मार्गों से लेकर धामों तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक–चौबंद की गई हैं, जिससे धामों में श्रद्धालु सुरक्षित और सहज रूप से दर्शन कर रहे हैं। यात्रा मार्गों पर यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाएं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग और सुरक्षा प्रबंधों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। अब तक लाखों श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर अपने घर सकुशल लौट चुके हैं। इस बीच, चारधाम यात्रा और प्रदेश में बदलते मौसम को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि राज्य में सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

चाय उत्पादन

असम दौरे के बाद उत्तराखंड लौटे कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए असम के अनुभवों और पद्धतियों का अध्ययन कर उन्हें लागू करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की चाय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने के लिए प्रभावी विपणन रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे स्थानीय किसानों को अधिक लाभ मिल सके।

केंद्रीय मंत्री आश्वासन

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने हरिद्वार में अगले साल आयोजित होने वाले कुंभ मेले के दृष्टिगत गंगा की स्वच्छता और अविरलता बनाए रखने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड

सरकार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजे पत्र में कहा है कि कुंभ मेले के दौरान गंगा नदी की निर्मलता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। इन प्रस्तावों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मल–कीचड़ उपचार संयंत्र, नदी की सतह व घाटों की सफाई और सार्वजनिक स्वास्थ्य और रोगवाहक नियंत्रण से संबंधित कार्य शामिल हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फरवरी में नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल से भेंट कर कुंभ–2027 की तैयारियों और नमामि गंगे परियोजनाओं पर चर्चा की थी।

<u>उच्च न्यायालय</u>

उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने प्रदेश की जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट चुके कैदियों को उच्चतम न्यायलय के आदेश के बाद भी रिहा नहीं करने के मामले में स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई अन्य याचिकाओं पर सुनवाई की। इस मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इन क़ैदियों को रिहा करने के लिए बनाई गई नीति को एक सप्ताह के भीतर न्यायालय को अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 18 मई को होगी।

<u>वन स्टॉप सेंटर</u>

उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने देहरादून के सर्वे चौक स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सेंटर में महिलाओं के रहने की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में रह रहीं पीड़ित महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अध्यक्ष ने कॉल रिकॉर्ड, काउंसलिंग विवरण और विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए लंबित मामलों की समीक्षा भी की। उन्होंने सेंटर प्रशासक और काउंसलर्स को निर्देश दिए कि पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक महिला को विधिक सहायता की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने काउंसलिंग प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया। अध्यक्ष ने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में महिलाओं के लिए भरोसे और न्याय का केंद्र है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

<u>जिला पंचायत बैठक</u>

ऊधमसिंह नगर के जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य की अध्यक्षता में रुद्रपुर में जिला पंचायत की सामान्य बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने अपने–अपने क्षेत्रों में बिजली, शिक्षा, जलापूर्ति, सिचाई, चिकित्सा आदि

विषयों पर अपनी समस्याओं से सदन को अवगत कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि बैठक में जो भी जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याएं रखी हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा।

मेडिकल स्टोर

बागेश्वर में जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर औषधि विभाग ने गरुड़ और बैजनाथ क्षेत्र में कार्रवाई की है। औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो मेडिकल स्टोरों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जांच में सीसीटीवी कैमरे बंद मिले, दवाओं के क्रय–विक्रय संबंधी अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए तथा दवाओं का भंडारण निर्धारित तापमान पर नहीं पाया गया। दोनों मेडिकल स्टोरों पर तत्काल प्रभाव से दवाओं के क्रय–विक्रय पर रोक लगा दी गई है। वहीं एक प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति भी भेजी गई है। औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने कहा कि दवाओं के निर्माण, भंडारण और बिक्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।